भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 31.08.2022

# आरेडिका में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप 2022 का सफलतापूर्वक समापन आज दिनांक 31.08.2022 को हो गया।कार्यक्रम के समापन समारोह में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री शमशेर सिंह कलसी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए।

महाप्रबंधक महोदय,ने इस चैंपियनशिप में 23 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के प्रतिभागी प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजय पताका फैराने और अपने–अपने रेलवे जोनों के नाम रोशन करने के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस एथलेटिक चैंपियनशिप में लगभग 49 प्रतियोगताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। जिसमें कुछ प्रमुख विजेयता इस प्रकार रहे हैं। 35 किमी पुरुष वॉक रेस में पटियाला लोकोमोटिव बर्क्स के एकनाथ संभाजी तुरम्बेकर प्रथम और पश्चिम रेलवे के मनीराम पटेल द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं 35 किमी महिला वॉक रेस में पूर्व रेलवे की प्रियंका पटेल एवं उत्तर मध्य रेलवे की रमनद्वीप कौर ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पोल वाल्ट में उत्तर रेलवे के प्रशांत कन्हैया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में महिला हैमर थ्रो में उत्तर रेलवे की सरिता सिंह ने प्रथम और बनारस लोकोमोटिव बर्क्स की रेखा सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ऊँची–कूद में दक्षिण पश्चिम रेलवे के जेस्सी संदीप ने प्रथम स्थान पर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर में राष्ट्रीय रिकार्ड बना जो10.25 सैकण्ड का श्री आमलन बोरगोइन एनएफआर रेलवे के नाम रहा है तथा 7 रेलवे मीट रिकार्ड बने हैं।

इस अवसर पर नाडा की टीम, रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड की टेक्नीकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न खेलों के कोच एवं आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार, सचिव श्री एस.एस.केरो पीसीएमएम श्री एन डी राव, पीएफए श्री जे एन पाण्डेय, पीसीईई संजय अग्रवाल एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी तथा खेलकूद संघ के कर्मचारियों सहित रेल सुरक्षा बल के जवान भी उपस्थित रहे।

31/8/2022
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी